सचिन पायलट शहीद कुलदीप सिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे

- कैमरी में 12 गांव की बैठक आयोजित
- 12 गांवों के पंच पटेलों ने सभी ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेना का आग्रह किया

हिंडौन सिटी । पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सोमवार को करौली जिले के दौरे पर रहेंगे। वे तिघरिया गांव में शहीद कुलदीप सिंह गुर्जर मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके लिए रविवार को जगदीश धाम कैमरी में बारह गांव के पंच पटेल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई।

कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए 12 गांव खटाना परिवार की जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना सहित 12 गांवों के पंच पटेलों ने सभी ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेना का आग्रह किया । भीड जुटाने के लिए कांग्रेस पार्टी के युवा कांठोस के भूपेन्द्र खटाना व युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा महासचिव सुरेन्द्र खटाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा कैमरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में संपर्क किया गया।

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सोमवार को करौली जिले के दौरे पर रहेंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सचिन पायलट सुबह 11 बजे तिघरिया गांव में शहीद कुलदीप सिंह की मूर्ति का अनावरण करेंगे, जहां वे शहीद स्मारक के पास आयोजित होने वाली सभा को भी संबोधित करेंगे। सचिन पायलट के साथ प्रदेशभर के दर्जनों बड़े नेता व जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उधर जगदीश धाम कैमरी में आयोजित हुई बारह गांव की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, उपाध्यक्ष राजाराम खटाना, कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, पूर्व सरपंच सुग्रीव अधैत, मुरारी नेताजी, दयाराम ठेकेदार, अतर धमाड़ी, सचिव रामविलास खटाना, हरि भटोला, कैप्टन नरपत, कैप्टन शीशराम सेना मैडल, मेढ़े का पूरा सरपंच प्रतिनिधि कप्तान खटाना, भूपेन्द्र खटाना अधैत, रलावता सरपंच देवप्रसाद, हरि डीलर बडागांव सहित बडी संख्या में बारह गांव के लोग मौजूद रहे।

जाट समाज की बैठक में सुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष नियुक्त

नदबई । नदबई में मानसिंह बाबा आश्रम पर पूर्व पार्षद मानसिंह रौतवार की अध्यक्षता में जाट समाज की बैठक हुई। जिसमें समाज की एकजुटता का आह्वान करते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व समाज की कुरीतियों को दूर करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बाद में निर्विरोध नदबई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यकारिणी में सुरेन्द्र सिंह अध्यापक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि, धर्मेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष एवं राजेन्द्र सिंह व जीतेन्द्र सिंह जीतू को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाद में जाट समाज के लोगों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। बैठक दौरान नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज की एकजुटता का आह्वान करते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व जरुरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। बैठक में पार्षद संजय रौतवार व कुंवर सिंह नम्बरदार, पूर्व पार्षद मनोज चूना, अशोक चौधरी, वकील चौधरी, पिंटू सोगरवाल आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

होली मिलन समारोह मनाया

भरतपुर । अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशीपाल परमार पधारे साथ ही महिपाल ठाकुर जी के होटल पर गुलाबों के फूलों की होली खेली गई जहां से पीपला गांव से चिकसाना से रूपवास से दिल्ली से धौलपुर से भरतपुर से आए सभी का स्वागत किया गया साथ ही महाराणा प्रताप की मूर्ति के बारे में भी विचार विमर्श किया गया जो की गोलपुरा में लगाई गई है वहां का भी लोकार्पण करेंगे सभी साथियों को होली की शुभकामनाएं एवं मधुर मिलन, मिठाई वितरित की गई वहीं आज महाराणा प्रताप जी के वंशज अरविंद जी का देहांत होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें जिला अध्यक्ष भगत सिंह गौर जी भीम सिंह राजपूत सोशल मीडिया प्रभारी, महिपाल ठाकुर कार्यकारी जिला अध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री शेर सिंह सिसोदिया, देवेंद्र पीपला, सरनाम सिंह जी, धौलपुर, हरिओम जादौन, मनोज परमार, रूपवास, बंटी परमार, पराक्रम सिंह परमार, मुंशी पहलवान, रेवेंद्र सिंह, ध्रुव जादौन, जितेंद्र सिंह परमार, आदि ने अपना सहयोग दिया राजपूत समाज के पदाधिकारी ने11000 धर्मशाला के लिए प्रदान किए।

हनुमान जी का वार्षिक मेला

हिण्डौन सिटी । हर वर्ष की तरह ठाम बनवारीपुर में पोखर वाले हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर वार्षिक मेले का प्रारंभ हुआ और भगवान की विभिन्न झांकियां सजाई गई । जिसमें हनुमान जी एवं वानर सेना, राम लक्ष्मण सीता जी ,राधा कृष्ण जी, शिव परिवार एवं और कई देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई। मेले की यात्रा गांव के शिव मंदिर, राधा कृष्ण जी मंदिर के सामने से निकलती हुई वैष्णव कॉलोनी मुख्य बाजार, सैन कॉलोनी ,जाटव बस्ती ,योगी बस्ती ,आखडिया का पुरा , जांगिड़ कॉलोनी ,खुट वालों के मार्ग होती हुई पोखर वाले हनुमान जी के मंदिर पर पहुंची ।हनुमान मंदिर पर पधारे सभी भक्तजनों ने भगवान को ढोक लगाई। भोग लगाकर सभी भक्तजनों ने प्रसाद ठाहण किया। मेले में गांव एवं आसपास के सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया और धार्मिक उत्सव का आनंद लिया।

जौहरी जाटव समाज अध्यक्ष नियुक्त

नदबई । नदबई रविदास आश्रम पर जाटव समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें गिरीश जौहरी को निर्विरोध अध्यक्ष व पूर्व पालिकाध्यक्ष बालमुकन्द बिहारिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाद में नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए समाज को एकजुट होने को कहा। बाद में जाटव समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर नवनियुक्त अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का अभिनंदन किया। बैठक में बाबूलाल पार्षद, पूर्व पार्षद मदनलाल बिहारिया, भरतलाल अध्यापक, रामदयाल जाटव, प्रेमसिंह पिप्पल, उपप्राचार्य गौरीशंकर, श्याम सुन्दर, फूलसिंह बिहारिया आदि मौजूद रहे।

मंदिर की सेवा पूजा समय में परिवर्तन

करौली । करौली शहर के आराध्य देव श्री राधा मदनमोहन जी व श्रीराधा-गोपाल जी महाराज की सेवा समय में परिवर्तन 15 मार्च चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से किया गया है। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक मलखान पाल ने बताया कि प्रात: कालीन सेवा समय में मंगला आरती प्रात: 4:30 से 5:00 बजे तक, धूप आरती प्रात: 9:30 बजे, श्रृंगार आरती प्रात 10:00 से 11:00 बजे तक, राज भोग प्रात 11:30 से दोपहर 12:00 बजे तक और पट मंगल दोपहर 12:00 बजे होंगे। उन्होने बताया कि संध्या कालीन सेवा समय में बाढ़ा आरती शाम 6:00 बजे, धूप आरती शाम 6:20 बजे, संध्या आरती शाम 6:40 बजे, उल्लई झांकी शाम 7 से 7:30 बजे तक एवं शयन आरती रात्रि 8:00 व पट मंगल रात्रि 8:30 बजे होंगे।

प्रधान का निधन

करौली । जिले की मासलपुर पंचायत समिति की प्रधान काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी जिनका रविवार को प्रात: निधन हो गया। करौली नगर परिषद के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर कि मां एवं जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर कि सासू मां. पंचायत समिति मासलपुर की प्रधान पद पर कार्यरत रामपति देवी काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी जिनका जयपुर के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था रविवार को प्रात: प्रधान रामपति देवी ने अंतिम सांसे ली इसके बाद दोपहर उनके शव को महुआ-हिंडौन सड़क मार्ग स्थित बड़ा गांव निज निवास पर लाया गया जहां गमगीन माहौल में अंतेष्टि कि गई इस दौरान जयपुर सहित करौली से भारी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

बनय सिंह सैनी का निधन

भरतपुर। वैर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन 62 वर्षीय बनय सिंह सैनी का रविवार सुबह निधन हो गया। बक्सीबास के निवासी सैनी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। सैनी ने वर्ष 2005 में वार्ड 3 से पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। पार्षदों ने उन्हें नगरपालिका का चेयरमैन चुना। वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे कस्बे में शोक की लहर फैल गई। भुसावर गेट मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। धौलपुर-करौली के सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

होली मिलन समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी । सनाढय गौड ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी का होली मिलन समारोह श्री परशुराम छात्रावास दशहरा मैदान में आयोजित हुआ। समाज के कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा ने बताया की इस कार्यऋम में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा होली गायन की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर फूलो की होली खेली गई। सभी माताओं बहनों एवं ब्राह्मण बन्धु होली के गीतों पर जम कर नृत्य किया। कार्यऋम में समाज द्वारा विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान एवं अतिथियों का स्वागत किया गया।

गरीब महिलाओं के प्रसव में यस हॉस्पिटल मददगार

करौली । करौली इन दिनों उन गरीब प्रसाविका का महिलाओं के प्रसव कराने के लिए प्राइवेट एम सीडी यस हॉस्पिटल मददगार साबित हो रहा है जहां प्रसाविका महिलाओं का सरकारी और गैर सरकारी हॉस्पिटलों से जयपुर रैफर कर रहे हैं उन महिलाओं का कम खर्चे में बिना ऑपरेशन के प्रसव करा कर गरीब महिलाओं और उनके परिवारजन को राहत पहुंचा जा रहा है।

जिला मुख्यालय पर वैसे तो पेशाब का महिलाओं के प्रसव के लिए जिला अस्पताल है इसके अलावा जिला मुख्यालय पर कई गैर सरकारी अस्पताल भी संचालित हैं दो माह पूर्व यहां के मैगजीन पर एक गैर सरकारी एमसीडी यस हॉस्पिटल के नाम से संचालित हुआ है जिस हॉस्पिटल में उन गरीब प्रसाविका महिलाओं के प्रसव होते देखे जा रहे हैं जिनको सरकारी और गैर सरकारी हॉस्पिटलों से हीमोग्लोबिन कम होने पर रैफर किया जा रहा है यही नहीं जिन महिलाओं के पूर्व में प्रसव ऑपरेशन से हुए हैं पूर्ण महिलाओं के भी एमडीसी यश अस्पताल में नॉर्मल पृसव कम खर्चे पर कराए जा रहे हैं इसके अलावा महिलाओं के भी प्रसव कराये जा रहे हैं जिन महिलाओं के उल्टे शिशु हैं यश हॉस्पिटल कि संचालक एवं प्रबंधक अंजना मीणा ने बताया कि दो 2 महीने पूर्व ही अस्पताल खोला गया है एक माह में 300 महिलाओं के सफल प्रसव कराए गए है।

महासम्मेलन का होली मिलन समारोह

नदबई । नदबई रेलवे फाटक समीप अठावाल धर्मशाला में अन्त्रराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसका शुभारम्भ केशवदेव खण्डेलवाल व अठावाल समाज अध्यक्ष फूलचंद गर्ग ने अठासेन प्रतिमा पर विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। बाद में कार्यकारिणी सदस्यों ने जयघोष के बीच चंदन व गुलाल लगाते हुए फागोत्सव मनाया। इससे पहले अध्यक्ष केशवदेव खण्डेवाल ने छोटे-छोटे व्यापारियों को शामिल करते हुए अन्त्रराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को एकजुट होने को कहा। वही, अठावाल समाज अध्यक्ष फूलचंद गर्ग ने समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए संगठित होने व समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया।

गांव पावटा का सुप्रसिद्ध डोलची मेला गौरवशाली इतिहास का नमूना है : बेढ़म

हिंडौन सिटी । समीपवर्ती पावटा गांव का प्रसिद्ध डोलची होली मेले का आयोजन किया गया जो आपसी प्यार, वीरता और बलिदान का परिचायक है।

पूर्व पार्षद गोपेन्द्र सिंह पावटा ने बताया की यह मेला वीर बल्लू शहीद की याद में खेला जाता है। जो की इस गांव की 250 वर्षो से भी पुरानी परम्परा और इतिहास का अनोखा संगम है यह रणबांकुरों का मेला, युद्ध परम्परा के साथ खेला जाता है।

ईस मेले पर सभी गांव वासी डोलची बड़ी वीरता से खेलते है इसमे दो समूह एक दूसरे के साथ चमड़े की बनी डोलची से पानी भरकर प्रहार करते हैं जिससे आपस में लोग खून मय हो जाते है लेकिन खेलना जारी रखते हैं, तकरीबन एक घंटे तक यह खेल खेला जाता है। जिसमें गांव से बहुत सारी संख्या में लोग शामिल होते हैं इसे देखने हजारो की संख्या में आसपास के गांवों,शहरों से भी लोग आते है। इस त्यौहार को सारा गांव बड़े धूमधाम से खेलता है।

इस मेले में मुख्य आकर्षण केंद्र शहीद बल्लू सैंया जिसे लोग हदिरा बाबा के रूप में पूजते है उनकी झांकी के रूप में घायल सजाया जाता है जिसे 12 तलवारो के साथ सजीव झांकी के रूप में प्रदर्शित किया जाता है,घायल के रूप में बबलू पीलवाड़ ने रोल निभाया,इस अवसर पर अनेको सजीव झांकी प्रदर्शित की जाती है व गांव के सभी युवा झूमते नाचते खेलते हुए जाते है।

जिसमे शिव पार्वती, भोलेनाथ,राधा कृष्ण, ब्रह्मा जी,भीष्म पितामह: सहित अनेकानेक झाकिया भी सजाई जाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राजस्थान सरकार जवाहर सिंह बेढ़म रहे, प्रोफेसर विक्रम सिंह रेंडायल,बच्चू सिंह सरपंच,अजय बौहरा, बंटी प्रधान,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा एंव पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा,सरपंच प्रतिनिधि मुकेश शर्मा,महवा चैयरमेन प्रतिनिधि बिजेन्द्र गुर्जर, धर्मजीत सिंह सीईओ,पूर्व सरपंच टीकम,सिरमौर, कैप्टन भरत, समय,सहित अनेकानेक नेता गण शामिल हुए।

30 सदस्यीय पदयात्री रवाना

रूपवास। रूपबास के श्याम भक्त मंडल द्वारा रूपवास से खाटूधाम की तृतीय पदयात्रा आज दिनांक 16 मार्च 2025 को रूपवास के चेंकोरा रोड पर निर्माणाधीन खाटूश्याम मंदिर परिसर हवन पूजा कर निशान यात्रा शुरू की। श्यामभक्तों के द्वारा सोनू मित्तल के नेतृत्व में सभी श्याम भक्तों ने एक रथ में खाटू बाबा के शीश पर श्रृंगार कर हवन तथा पुष्प वर्षा एवं प्रसादी वितरण करते हुए नगर भ्रमण करते हुए प्रसादी बांटी और रूपवास के श्याम भक्तों द्वारा 30सदस्यीय पदयात्री दल को रवाना किया। श्यामभक्तों के 30सदस्यीय दल में पंडित राजेंद्र पाराशर,मनोज कंसल, सतीश मित्तल,सोनू मित्तल, योगेश खितौलीया, अतुल बंसल, रामू मित्तल,शानू गोयल, यश मित्तल एवं राकेश भातरा, राजेश राजावत,आलोक रावत, मुकेश कुमार, तरुण अँधाना, देवेंद्र चाहर, दिलीप चाहर,हृदेश ख़ितौलिया, आकाश कर्दम, रॉकी सेठ,रामकुमार गर्ग, मोहित सोनू मित्तल, लतेश सिंघल,गौरव सोनी, टोनी कटारा, कान्हा, नंदकिशोर, सतीश यादव, मनीपाल, भीकम काका, विष्णु गर्ग, राहुल बंसल,सुमित कुमार, रमेश कुमार, देवेंद्र सिकरवार एवं भारी संख्या में भक्तगण यात्रा में शामिल रहे।

प्रबोधकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

करौली । करौली जिला मुख्यालय पर होली कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे पहुँचे सपोटरा विधायक को जिले के प्रबोधकों ने मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री के नाम 7 सूत्री ज्ञापन सौपा।

प्रबोधक संघ राजस्थान बीएमएस जिला प्रभारी गंगाराम प्रजापत ने बताया कि राजस्थान प्रबोधक संघ बीएमएस करौली के प्रबोधको ने जिला प्रभारी गंगाराम प्रजापत एवं रतन चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 7 सूत्रीय ज्ञापन दिया तथा राजस्थान बजट घोषणा में प्रबोधक कैडर का पुनर्गठन करना प्रस्तावित करने के लिए मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा सरकार का आभार जताया प्रबोधक कैडर की समस्या निस्तारण करने कि मांग कि जिनमे वरिष्ठ प्रबोधको को द्वितीय श्रेणी अध्यापक के समान दायित्व दिए जाने,अन्य वर्ग के समान पदोन्नित के पंच अवसर देने के लिए पद नाम परिवर्तन अध्यापक किये जाने,प्रबोधक पदोन्नित से वंचित समस्त योग्यता धारी बीएड,बीपीएड 2943 प्रबोधको को पदोन्नत कर वरिष्ठ प्रबोधक बनाये जाने एवं कुल स्वीकृत वरिष्ठ प्रबोधको 7449 के रिक्त पदों पर रिव्यू डीपीसी कि जाने,पूर्ण पेंशन के लिए पैराटीचर,शिक्षाकर्मी,लोक जुंबिश कर्मी के रूप में की गई अस्थाई सेवा की गणना की जाने, एसीपी 9,18,27 बर्ष के स्थान पर 8,16,24 वर्ष किये जाने, प्रबोधक एवं अध्यापकों कि वेतन विसंगति दूर कि जाने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रबोधको को अध्यापक एल 1 एल 2 के रिक्त पदों पर लगाये जाने कि मांग कि आयोजित होली कार्यक्रम में डॉ. महेश चंद मीना बीसीएमओ मंडरायल, दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली सचिव गंगाराम प्रजापत, हुकम चंद शर्मा,रामप्रसाद शर्मा, छीतर लाल प्रजापति संयोजक, गौतम चैधरी, वेदप्रकाश गौड़, कमल माली, राधारमण शर्मा,धर्म मीना, रतन चतुर्वेदी, गोपाल लाल शर्मा,हुकम चंद शर्मा, घनश्याम शर्मा,मनीष चतुर्वेदी, शिव दयाल शर्मा सहित सैकड़ों लोगो उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

करौली । भारत विकास परिषद करौली की ओर से भंवर विलास मैरिज गार्डन में परिषद सदस्यो का सपरिवार होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। परिषद के वित्त सचिव अरविंद अठावाल ने बताया कि परिषद अध्यक्ष तुलसीदास गोयनका, सचिव कमलकांत शर्मा,प्रांतीय प्रभारी सीताराम शर्मा, योगेन्द्र सिंहल द्वारा माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पट पर दीप जलाकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गान कर होली स्नेह मिलन समारोह का शुभारम्भ किया गया। सुखदेव जी महाराज के चरण सेवक प्रेम शरण महाराज,अशोक शर्मा उर्फ गुडडी,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग बोद्धिक प्रमुख विपिन शर्मा . श्याम सुन्दर पाण्डेय, परमानंद, परिषद सदस्य अमिता वशिष्ठ, शिवचरण,राजेन्द्र,महेश व्यास द्वारा होली गीतो का मधुर गायन किया गया जिस पर परिषद के महिला पुरुष सदस्यो द्वारा नुत्य किया गया एवं पुष्पो की होली खेली गयी ।

महाराजा मल्हार राव होल्कर की 332 वीं जयंती मनाई

रूपवास । क्षेत्र के खेरिया रोड़ पर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक भवन पर क्षेत्रीय विधायक के मुख्यातिथ्य में जिला धनगर, गाडरी, गडरिया, बघेल समाज के तत्वावधान में महाराजा मल्हार राव होल्कर की 332 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता यदवीर सिंह प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष,विजय सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष धौलपुर,गंगादान कृषि अनुसंधान अधिकारी जयपुर मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान कुँवर रतन सिंह बघेल खेरिया ने देवी अहिल्याबाई होल्कर भवन निर्माण के लिए 7 बिस्वा जमीन समाज के लिए दान की। इस मौके पर वक्ताओं ने महाराजा मल्हार राव होल्कर के शौर्य व पराक्रम का विस्तार से उल्लेख किया। बताया गया कि महाराजा मल्हार राव होल्कर के पराक्रम से समूचा हिंदुस्तान अभिप्रेरित हुआ। आज की युवा पीढ़ी को उनके चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। देवी अहिल्याबाई होल्कर को साधारण नारी से महान बनाने में महाराजा मल्हार राव होल्कर की विशेष भूमिका रही। वहीं इस कार्यक्रम में विधायक ने देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक के विकास के लिए 20 लाख एवं एक हैड पम्प लगवाने की घोषणा की। समाज के लोगों ने महाराजा मल्हार राव होल्कर व देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। पूर्व पार्षद राकेश होल्कर ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के धार्मिक कार्यों पर चर्चा की। बदन सिंह प्राचार्य ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा पर ध्यान देने का आव्हान किया। इससे पहले समाज के गणमान्य लोगों ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। मंच का संचालन नारायण सिंह बघेल बंशी ने किया। इस अवसर पर हरि सिंह महुआ,सुरेश बोकौली,थान सिंह डीग,भूरी सिंह,नरेश,हरिविलास व्याख्याता, हरिओम सिंह बघेल शारीरिक शिक्षक,दिनेश सरपंच दौरदा,बनवारी बघेल,घनश्याम सिंह बघेल समेत समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सीएम के नेतृत्व में कराए इंटर लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण

डीग, भरतपुर । गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में कराए गए इंटर लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री बेढ़म ने कहा कि नालियों में इंटरलॉक के निर्माण से पानी के बहाव को नियंत्रित किया जा सकेगा और नाली मजबूत और टिकाऊ रहेंगी। उन्होंने बताया कि आए दिन आम लोगों की शिकायत रहती थी कि नाली का पानी जमा होने के कारण दैनिक दिनचर्या बाधित होती है। छात्रों को विद्यालय जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लोगों का खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया था। परंतु नालियों में इंटरलॉक के निर्माण से अब पानी का बहाव नियंत्रित होगा, जिससे नाली में पानी जमा नहीं होगा और गंदगी नहीं फैलेगी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का सपना है कि प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाया जाए। ऐसे में यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है और स्थानीय लोगों को साफ सुथरा वातावरण प्रदान करने में एक अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिल कर यह संकल्प ले कि अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह से साफ-सफाई रखेंगे और स्वच्छता कर्मीयों की हर मुमकिन मदद करते हुए अपने जिले को सदैव हरा भरा रखेंगे।

ब्राह्मण समाज सूरौठ का होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

- गायन पार्टियों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

सूरौठ । तहसील कि परशुराम ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में तहसील ब्राह्मण समाज सूरौठ, ब्राह्मण समाज चौबीसा क्षेत्र एवं ब्राह्मण समाज सूरौठ के तत्वाधान में रविवार को होली मिलन एवं होली गायन समारोह हुआ सूरौठ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा एव चौबीसा महामंत्री हरीश चंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जटवाड़ा ,खेडी गायन पार्टी के राजवीर ,विजय शर्मा , लज्जाराम लक्ष्मण शर्मा ने होली त्यौहार पर ब्रज की होली गायन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया ,होली त्यौहार के प्रति उमंग आस्था की झलक नजर आई गुलाल से बिगड़े उपस्थित लोगों ने प्रफ्फुलित मन से आनंद उठाया इस अवसर पर तहसील ब्राह्मण समाज सूरौठ अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा पाली , महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा, चौबीसा क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, महामंत्री रमाशंकर शर्मा, सह महामंत्री नरेंद्र बाबा, सरपंच प्रतिनिधि रामावतार शर्मा, पूर्व सरपंच अनिल तिवाड़ी , घनश्याम व्यास ,कैलाश उपाध्याय,, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर, पूर्व युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा,अखंड ब्रह्म शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जोशी , हिंडौन तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष राम पंडा , विप्र देव समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा ,अट्टाईसा महू महामंत्री शशिकांत शर्मा एवं अशोक तिवारी आदि समस्त आतिथि गणों का गुलाल लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अशोक गोदूहन ,गंगासहाय शर्मा, नरोत्तम शर्मा रारा, भगवान सहाय , भागीरथ शर्मा, खेडा, हरिओम अटक,प्रहलाद शास्त्री, रमेश पाठक, देवकीनंदन शास्त्री, रामनिवास खेडी, गुलाब चंद, टीटी शर्मा, सुशील शर्मा, कमलेश पाराशर, प्रदीप भारद्वाज, लक्ष्मण जगर, राधा मोहन, मदनमोहन शेरपुर,ओम प्रकाश शुक्ला, सियाराम शर्मा अरविंद चतुर्वेदी, रामप्रताप पाराशर,राजगिरीश सहारिया,गोवर्धन जोशी,राधे श्याम शर्मा पूर्व पार्षद गोपाल मुद्गल, शिव दयाल ठठेरा,राजेंद्र शर्मा, नरेन्द्र कौशिक आदि उपस्थित रहे, 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले 108 कुंडिया विष्णु महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन भी किया इस मौके पर कई लोग रहें उपस्थित।



तहसील कि परशुराम ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में तहसील ब्राह्मण समाज सूरौठ का होली मिलन समारोह हुआ।

युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

गंगापुर सिटी । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से श्रीनगर में अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यऋम का आयोजन किया गया। इस कार्यऋम में राजस्थान से 27 युवाओं ने हिस्सा लिया। गंगापुर सिटी के रिजुल गर्ग ने राजस्थानी कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। कार्यऋम में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियों ने भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र सवाई माधोपुर के जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने बताया कि सवाईमाधोपुर, अलवर, जोधपुर, नागौर और जयपुर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक और राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा शामिल हुए। एक भारत, श्रेष्ठ भारत योजना के तहत राष्ट्रीय एकता को बढावा देना इस कार्यऋम का मुख्य उद्देश्य था।

कार्यऋम में सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा संवाद और विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें पंच प्रण, विकसित भारत 2०47, राष्ट्रीय सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, साइबर सुरक्षा और वित्तीय प्रबंधन शामिल थे। राजस्थान के युवाओं ने कश्मीर की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, वेशभूषा और जीवनशैली को करीब से जाना। सवाई माधोपुर से अनुभव सैन, राजेश गुर्जर, रीना राठौर और जयलक्ष्मी कुमावत ने भी कार्यऋम में भाग लिया। कार्यऋम से लौटने पर गंगापुर सिटी में रिजुल गर्ग का स्थानीय युवा स्वयंसेवकों ने स्वागत किया।

बेढ़म होली मिलन समारोह हुए शामिल

- हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन-पर्व सुख, समृद्धि व सौभाग्य से परिपूर्ण हा : बेढम

डीग, भरतपुर । गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रविवार को डीग जिले के नगर विधानसभा के ठाम खोह में आयोजित हुए होली मिलन समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचे। उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन-पर्व सभी आमजन के जीवन में नई उमंग और उत्साह लाने के साथ ही सुख, समृद्धि व सौभाग्य से परिपूर्ण हो, ऐसी कामना गृह राज्य मंत्री ने कार्यक्रम की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान के विकास के लिए किए गए भागीरथी प्रयास ब्रज क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ स्थल आदिबद्री के लक्ष्मण झूला पर आश्रम की देखभाल करते हुए ब्रज यात्रियों की भी निरंतर सेवा कर रहे साधु संतों का भी गृह राज्य मंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने सभा में नगर सहित जिले के प्रत्येक कोने से आए हुए लोगों द्वारा हृदय से सम्मान किए जाने के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मात्र 14 महीनों में युवाओं से लेकर बुजुर्गों सहित सभी वर्गों की बात संवेदनशीलता, गंभीरता और धैर्यपूर्वक रूप से सुनी गई। साथ ही इस दौरान हर संभव प्रयास किया गया कि अधिकाधिक आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। यह मेरा सौभाग्य रहा कि आम लोगों के दुख-दर्द में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ और उनके निराकरण का मौका मिला। विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान में भागीरथी प्रयास किए जा रहे है। नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री ने हमेशा दस कदम अधिक उठाकर क्षेत्र के लोगों के लाभान्वित करने का अथक प्रयास किया है। खोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पसोपा आवासीय विद्यालय और नगर में फोर लेन सड़क निर्माण विकास गाथा के कुछ बिंदु कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि 1952 से लेकर आज तक कोई न कोई व्यक्ति चुन कर राजस्थान की विधान सभा में गया। और वहां जाकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए चर्चा निश्चित रूप से की है। मेरे से पूर्व रहे समस्त विधायक सम्माननीय है। लेकिन इस ब